आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–11 अप्रैल 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखीमपुर खीरी जिले के पलिया और मोहम्मदी में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान सात विधानसभा क्षेत्रों के लिए एक हजार तीन सौ ग्यारह करोड़ रूपये की पांच सौ अड़तीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। पलिया विधानसभा क्षेत्र के चंदन चौकी में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2 हजार 350 परिवारों व थारू जनजाति के 4 हजार 356 परिवारों को भूमि के पट्टों का आवंटन भी किया। यहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि थारू समाज के जिन लोगों पर सपा सरकार ने मुकदमे दर्ज किए थे, उन सारे मुकदमों को सरकार वापस लेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव सभी क्षेत्रों का विकास करने के साथ कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है।

जो कभी नही हुआ आज मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार कर रही है। यही तो सरकार की संवेदनशीलता है। हर नागरिक को उसका अधिकार मिले, पहले क्या होता था विकास का कार्य सब एक गांव में। आज पचीस करोड़ आबादी ही हमारा परिवार है और प्रदेश के हर जनपद में विकास समान रूप से हो रहा है।

मोहम्मदी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बांग्लादेश से विस्थापित परिवारों को 'भूमिधरी अधिकार पत्र' का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से विस्थापित होकर आये लोगों की बस्ती का नाम मियांपुर की बजाय अब भारत को राष्ट्रगान देने वाले गुरूदेव रविन्द्रनाथ ठाकुर के नाम पर 'रविन्द्र नगर' होगा। मुख्यमंत्री ने नागरिकता संशोधन अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा–

जिस सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट के अंतर्गत आपको हम यह अधिकार प्रदान कर रहे है। इसका विरोध काग्रेस ने भी किया था और समाजवादी पार्टी ने भी किया था। ये लोग नही चाहते थे हिंदुओं को सिखों को बौद्ध को जैनियों को अधिकार मिले क्योकि ये तो तुष्टिकरण के पोषक हैं।

कार्यक्रमों में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, वन व पर्यावरण मंत्री डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना, विधायक हरविंदर साहनी 'रोमी', मंजू त्यागी, अमन गिरि और शशांक वर्मा भी मौजूद रहे।

****

प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद ने वाराणसी के सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति का हाल जाना। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर से जुड़े कार्मिकों की सराहना की। संजय निषाद ने कहा कि मृत और डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाये जाने से मतदाता सूची शुद्ध हो गई है।

****

वाराणसी में गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर स्थित 'अन्नपूर्णा रसोई घर' में पाइप्ड नेचुरल गैस–पीएनजी आपूर्ति शुरू करने के लिए समझौता किया है। अगले दो तीन दिनों में पीएनजी आपूर्ति शुरू होने की उम्मीद है।

****

भारत में डिजिटल भुगतान – यू.पी.आई. व्यवस्था के 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। पिछले एक दशक में यह भारतीय भुगतान प्रणाली की रीढ बन गया है। एक रिपोर्ट–

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने वर्ष 2016 में यूपीआई की शुरुआत की थी। वर्ष 2021 में इस नेटवर्क से 216 बैंक जुड़े थे जो अब बढ़कर जनवरी 2026 तक 691 बैंकों तक पहुंच गए हैं। वित्त मंत्रालय के अनुसार वैश्विक रियल टाइम पेमेंट प्रणाली के ट्रांजैक्शन वॉल्यूम में यूपीआई की लगभग 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यूपीआई अब राष्ट्रीय सीमाओं से आगे बढ़ते हुए संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, मॉरीशस और कतर सहित कई देशों में संचालित हो रहा है। रोहन के साथ सौम्य शरण, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

****

राष्ट्र आज समाज सुधारक और महान जनसेवक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। 1827 में आज ही के दिन जन्मे महात्मा फुले ने अपनी पत्नी सावित्री फुले के साथ मिलकर महिला शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज संसद परिसर में महात्मा ज्योतिबा फुले की दो सौवीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी महात्मा ज्योतिबा फुले को श्रद्धांजलि देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनके संघर्ष ने लाखों लोगों के जीवन में नई रोशनी जलाई।

****

मथुरा में कल दोपहर यमुना नदी में हुए नाव हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर ग्यारह हो गयी है। इस हादसे में कल 10 लोगों के शव बरामद किए गये थे। एक और व्यक्ति का शव आज दुर्घटना स्थल से एक किलोमीटर दूर बरामद किया गया। हादसे में अभी भी लापता चार लोगों की तलाश के लिए सेना और एनडीआरएफ की तरफ से व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

****